उत्तर प्रदेश राज्य

Noida: इटली के विशेषज्ञ डॉ. लारेंस फॉल्कनर ने किया बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान का दौरा

…षज्ञ डॉ. लारेंस फॉल्कनर ने किया बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान का दौरा

…ed Articles



Noida Authority Action: प्राधिकरण की कार्रवाई से घबराए माफिया, वरिष्ठ अधिकारी पर लगाया झूठा आरोप
8 hours ago

उत्तर प्रदेश : सीपीआर देकर यूपी-112 के मुख्य आरक्षी ने बचाई युवक की जान, एसपी ने किया सम्मनित
8 hours ago

नोएडा। इटली के प्रख्यात थैलेसीमिया और बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. लारेंस फॉल्कनर ने मंगलवार को बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपचार प्रक्रियाओं और अनुसंधान कार्यों को नजदीक से देखा और यहां के वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ थैलेसीमिया व प्रत्यारोपण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की।
डॉ. फॉल्कनर के साथ थैलेसेमिक्स इंडिया संस्था की शोभा तुली, बाल आयुष फाउंडेशन के ललित पवार और डॉ. जैनुल ऐबुद्दीन भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान के पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान इन विभागों से जुड़े डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ तकनीकी अनुभव, उपचार पद्धतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।
संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि यहां पिछले वर्ष तक 94 पीडियाट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं, जो बच्चों में जटिल बीमारियों के इलाज की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। डॉ. फॉल्कनर ने संस्थान की चिकित्सा सेवाओं और विशेषज्ञता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के केंद्र थैलेसीमिया और अन्य रक्त विकारों से पीड़ित बच्चों के लिए आशा की किरण हैं।
दौरे के दौरान बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान के निदेशक डॉ. एके सिंह, डीन डॉ. डीके सिंह, डॉ. नीता राधाकृष्णन सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। सभी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करने तथा भविष्य में संयुक्त शोध और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर काम करने की संभावनाओं पर सहमति जताई।

Follow Us Google News